अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

Happy Gandhi Jayanti

Website - http://www.sindhibandhu.com

सिन्धी बन्धु

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

We are available at

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in

E-mail: sindhibandhu@gmail.com

अधिष्ठापक तंत्री - हरिश भागवाणी

वर्ष *25 अंक 09 * दिनांक 30-09-2018 * संपादक: रेशमा भागवाणी * सहसंपादक : निर्मल भागवाणी * पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9429518141

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

मन की बात/मोदी ने कहा- शांति में भरोसा रखते हैं, लेकिन अब दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 48वीं बार देशवासियों से मन की बात की। सर्जिकल स्ट्राइक के दो साल पूरे होने पर मोदी ने सेना को सराहा। उन्होंने कहा कि सवा सौ करोड़ देशवासियों ने सैनिकों के पराक्रम का पर्व मनाया। अब तय हो चुका है कि हमारे सैनिक उन सबको मुंहतोड़ जवाब देंगे जो देश में शांति और उन्नति के माहौल को नष्ट करने की कोशिश करेंगे। तूफान से निकलकर आए अभिलाष युवाओं के लिए प्रेरणा प्रधानमंत्री ने नौसेना के अफसर अभिलाष टॉमी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों अभिलाष समंदर में जीवन और मृत्यु की लड़ाई लड़ रहे थे। मैंने उनसे बात की, वे एक साहसी अफसर हैं। उनके जज्बे से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। अभिलाष पिछले दिनों प्रशांत महासागर में तूफान में फंस गए थे। मोदी ने कहा, ''सवा सौ करोड़ देशवासियों ने 29-30 सितंबर को पराक्रम पर्व मनाया। सर्जिकल स्ट्राइक कर सैनिकों ने ताकत दिखाई थी। यह पर्व युवाओं को सेना का गौरवपूर्ण इतिहास दिखाता है। हम शांति में विश्वास करते हैं, लेकिन राष्ट्र की संप्रभुता को ध्यान में रखते हुए इससे समझौता नहीं कर सकते हैं।''

''20वीं सदी के दो विश्व युद्ध में हमारे एक लाख से अधिक सैनिकों ने शांति के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। आज भी यूएन की अलग-अलग पीस कीपिंग फोर्स में भारत सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में एक है।''

''हमारी वायुसेना ने हर देशवासी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान लोगों को जिस भाग का सबसे इंतजार रहता है, वो है एयरफोर्स का प्रदर्शन। हमारी वायुसेना आज 21वीं सदी की सबसे ताकतवर एयरफोर्स में शामिल हो चुकी है।''

''1947 में श्रीनगर को पाकिस्तानी हमलावरों से बचाने के लिए वायुसेना ने भारतीय सैनिक और उपकरणों को युद्ध के मैदान तक पहुंचाया। 1965 में भी दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया। 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई कौन नहीं जानता। करगिल से घुसपैठियों को खदेड़ने में भी वायुसेना की भूमिका अहम थी।''

इंडोनेशिया / भूकंप और सुनामी के बाद अब तक 832 लोगों की मौत, सैकड़ों मलबे में फंसे

इंडोनेशिया में भूकंप और उसके बाद आई सुनामी में मरने वालों की तादाद करीब 832 तक पहुंच गई। सबसे ज्यादा नुकसान सुलावेसी द्वीप के पालू और दोंगला शहर में हुआ। यहां करीब 10 से 17 फीट तक ऊंची समुद्री लहरों में लोग बह गए। हजारों इमारतें गिर गईं और इनके मलबे में सैकड़ों लोग फंसे हैं। इन लोगों को निकालने की कोशिश की जा रही है। शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गयी थी। भूकंप का केंद्र दोंगला से 56 किमी दूरी पर जमीन से 10 किमी नीचे था।

आपदा एजेंसी की लापरवाही से बचने का मौका नहीं मिला

इतनी बड़ी तादाद में लोगों की मौत के पीछे आपादा एजेंसी बीएमकेजी की लापरवाही भी है। एजेंसी ने पहली बार भूकंप आने पर सुनामी की चेतावनी जारी की थी, लेकिन 34 मिनट बाद ही इसे वापस ले लिया। इसके बाद 7.5 तीव्रता के दो भूकंप और आए। 3 घंटे के भीतर ही पालू और दोंगला में सुनामी आ गई। चेतावनी वापस लेने की वजह से लोग सुरक्षित जगहों पर नहीं पहुंच पाए। पालू के बीच पर शुक्रवार शाम को फेस्टिवल चल रहा था। पालू में करीब 3.80 लाख लोगों पर असर पड़ा है। दोंगला भी करीब-करीब तबाह हो गया है। अस्पताल भर गए हैं और खुले में भी लोगों का इलाज किया जा रहा है।

कई परिवार लापता

इंडोनेशिया की डिजास्टर एजेंसी के प्रवक्ता सुतोपो पुरवो ने बताया कि ऊंची लहरों की वजह से कई घरों को नुकसान पहुंचा और कई परिवार अभी भी लापता हैं। सुतोपो ने कहा कि सुलावेसी में कई इलाकों का संपर्क टूट गया है। अंधेरे की वजह से राहत और बचाव कार्य में मुश्किलें आईं। पालू एयरपोर्ट बंद हो जाने से इंडोनेशियाई सेना को मदद पहुंचाने में दिक्कत हो रही है।

सड़कें हैं राज्य के विकास का राजमार्गः मुख्यमंत्री

सरखेज-गांधीनगर-चिलोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के छह लेन चौड़ीकरण कार्य का सीएम ने किया शिलान्यास उप मुख्यमंत्री की प्रेरक उपस्थिति

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने राज्य में सड़कों को विकास का राजमार्ग करार देते हुए कहा कि मार्ग सुविधा की आधारभूत संरचना सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में सुविधाएं विकसित कर गुजरात ने विकास के वैश्विक मानदंड स्थापित किए हैं।
सोमवार को अहमदाबाद में राज्य के मार्ग-मकान विभाग एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से सरखेज-गांधीनगर-चिलोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या १४७ को ८४७ करोड़ रुपए के खर्च से छह लेन बनाने के कार्य के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने यह बात कही।
उप मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल सहित मंत्री भूपेन्द्रसिंह चूड़ास्मा, प्रदीपसिंह जाडेजा और गणमान्य महानुभाव इस मौके पर उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात ने भूतकाल में कांग्रेस की सरकारों के दौरान जिस अन्याय और विकास विरोधी मानसिकता का सामना किया है, उसकी दुगने विकास कार्यों से केंद्र की श्री नरेन्द्र मोदी सरकार क्षतिपूर्ति कर रही है।
उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में केंद्र की श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गुजरात को ३० हजार करोड़ रुपए के नेशनल हाइवे तथा १५ हजार करोड़ रुपए के कोस्टल हाइवे की मंजूरी प्रदान कर विकास की गति को और तेज बनाया है।
उन्होंने कहा कि केंद्र की पूर्व की कांग्रेस नीत यूपीए की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई थी। सरकार की तिजोरी में सुराख हो चुके थे और जनता के पैसे विकास एवं जनहित के कार्यों में खर्च होने के बदले गायब हो जाते थे।
उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभालते ही पारदर्शी, स्वच्छ एवं सुशासन युक्त शासन प्रदान कर तिजोरी के सभी सुराखों को भर दिया है। अब, जनता के पैसे की हर पाई जनहित में ही उपयोग होती है। इतना ही नहीं, कांग्रेस की सरकार में पहले केंद्र से भेजा जाने वाला १ रुपया गांव तक पहुंचते-पहुंचते १५ पैसा हो जाता था, परन्तु अब १ रुपए के सामने सवा रुपये का कार्य होता है।
गुजरात के साथ सौतेला बर्ताव कर विकास से वंचित रखने की यूपीए सरकार की साजिश का ब्योरा देते हुए श्री रूपाणी ने कहा कि क्रूड ऑयल रॉयल्टी के ११ हजार करोड़ रुपए बरसों तक नहीं दिए गए, नर्मदा डैम की ऊंचाई बढ़ाने की मंजूरी नहीं दी, रेलवे की नई ट्रेन नहीं दी और गेज परिवर्तन के कार्यों से राज्य को वंचित रखा। आंखों में कांटे की तरह उन्हें चुभने वाले गुजरात के खिलाफ यूपीए सरकार ने ऐसे अनेक अन्याय किए।
बरसों से अधर में लटकी गुजरात की मांगों और समस्याओं के सुखद निवारण के लिए केंद्र की मोदी सरकार का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन की सौगात, अहमदाबाद को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी का दर्जा, द्वारका-बेट द्वारका को जोड़ने वाला ९६२ करोड़ का सिग्नेचर पुल, स्मार्ट सिटी में गुजरात के ६ शहरों का समावेश कर प्रत्येक को ५०० करोड़ का आवंटन और सरदार साहब की विराटतम प्रतिमा- स्टेच्यू ऑफ यूनिटी जैसे विकास के अनेक प्रकल्प देकर गुजरात के विकास को नई दिशा उन्होंने दी है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने धोलेरा के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए २,८०० करोड़ रुपए का आवंटन करने के साथ ही डिफेंस-नेवी के क्षेत्र में गुजरात में नई अकादमी, डीसा हवाई पट्टी का वायुसेना के एयरबेस के रूप में विकास तथा वडनगर और धोलावीरा जैसे पुरातन स्थानों के विकास के लिए केंद्रीय मदद दी है।
उन्होंने कहा कि गुजरात में सर्वग्राही विकास के आयामों में 'जहां नागरिक, वहां सुविधा' और 'विवाद नहीं संवाद' के मंत्र के साथ यह सरकार न्यूनतम संसाधनों के अधिकतम उपयोग से गुजरात को अव्वल राज्य बनाने को संकल्पबद्ध है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि छह लेन के इस महत्वाकांक्षी प्रकल्प के पूरा होने के बाद ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं रहेगी तथा फ्लाइओवर एवं रेलवे ओवरब्रिज बनने से गुजरात फाटक मुक्त गुजरात बनेगा।
उप मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल ने कहा कि मार्ग विकास और विस्तारीकरण राज्य के विकास का एक प्रेरक पहलु है। राज्य सरकार विकास की गति वेगवान बनाने की कटिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। हमारा ध्येय राज्य में सड़कों की सुविधा बढ़ाकर लोगों का समय और पैसा बचाना है।
उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों तक नर्मदा का पानी पहुंचाने वाली नर्मदा योजना राज्य की जीवनरेखा है, लेकिन कांग्रेस ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शासन संभालने के १७ दिनों में ही इसकी मंजूरी प्रदान कर दी। आज ९० हजार मिलियन क्यूबिक फीट (एमसीएफटी) पानी का भंडार उपलब्ध है जिसका लाभ राज्य के किसानों, नागरिकों और मूक जीवों को हुआ है।
श्री पटेल ने कहा कि सौराष्ट्र-उत्तर गुजरात और दक्षिण गुजरात को जोड़ने वाले अहमदाबाद-बामणबोर-राजकोट हाइवे के छह लेन का कार्य २,७०० करोड़ के खर्च से राज्य सरकार ने शुरू किया है। इस तरह, राजकोट से सरखेज और सरखेज से गांधीनगर-चिलोड़ा तक का मार्ग छह लेन बन जाएगा।
उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद-गांधीनगर लिंक सिटी के रूप में जुड़े हैं, तब इस नए मार्ग पर टोल टैक्स न लेने के राज्य सरकार के निवेदन को मानते हुए केंद्र ने टोल टैक्स फ्री रोड की मंजूरी दी है। इसके बदले में राज्य सरकार टोल की आय जितनी रकम चुकाएगी।
उल्लेखनीय है कि ८६७ करोड़ रुपए की लागत से आकार लेने वाले इस छह लेन के मार्ग की लंबाई ४४.०४२ किलोमीटर है जिसमें चिलोड़ा से वैष्णो देवी मंदिर तक मौजूदा चार लेन मार्ग का चौड़ीकरण कर पूरे हाइवे को छह लेन बनाया जाएगा। सड़क के दोनों तरफ ७ मीटर चौड़ा सर्विस लेन होगा। इस परियोजना में ७ फ्लाइओवर, १ एलिवेटेड कॉरिडोर, १ व्हीकुलर अंडरपास, २ रेलवे ओवरब्रिज और २ पैदल यात्री अंडरपास होंगे। इसके अलावा, रोड साइट की अतिरिक्त जगहों पर लैंड स्केपिंग-सौंदर्यीकरण करने की भी योजना है। ट्रैफिक एवं अन्य सूचनाओं के निर्देशन के लिए वेरिएबल मैसेज साइन (वीएमएस) आधारित आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट और नॉइस बेरियर का भी आयोजन है।
मार्ग एवं मकान विभाग के सचिव एसबी वसावा ने स्वागत भाषण में कहा कि यह मार्ग टोल फ्री होगा तथा राज्य की विकास यात्रा को गति देगा। विभाग के मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव पीआर पटेलिया ने आभार व्यक्त किया।
इस मौके पर मंत्रीगण, अहमदाबाद की महापौर श्रीमती बीजलबेन पटेल, सांसद डॉ. किरीटभाई पटेल, गांधीनगर के महापौर प्रवीणभाई पटेल, विधायक जगदीश पंचाल, बाबूभाई जे. पटेल, अरविंदभाई पटेल, भूपेन्द्र पटेल, वल्लभभाई काकड़िया, सुरेश पटेल, शंभूजी ठाकोर, किशोर चौहान, हसमुख पटेल, प्रदीप परमार, बलराम थवाणी सहित महानगर के पार्षदगण, पदाधिकारी एवं आमंत्रित उपस्थित थे।

संपादकीय

अमेरिका/ईरान पर प्रतिबंध के बाद दोस्त भारत को दिक्कत न हो, इसलिए नए विकल्प की तलाश

अमेरिका जल्द ही ईरान पर प्रतिबंध लगाने वाला है। हालांकि, भारत अभी भी ईरान से तेल आयात बंद करने को लेकर दुविधा में है। इसी बीच अमेरिका ने भारत की तेल जरूरतों का संज्ञान लेते हुए कहा कि वह अपने दोस्त भारत के लिए तेल सप्लाई का नया विकल्प तलाशने में जुटा है। अमेरिका का कहना है कि वह नहीं चाहता कि उसके कदम की वजह भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोई असर पड़े।
निजी कंपनियां ढूंढ रहीं तेल सप्लाई करने वाले देश
अमेरिका की दक्षिण और मध्य एशिया मामलों की मंत्री एलिस वेल्स ने कहा, अमेरिका अपने सभी मित्र देशों से प्रतिबंध के बाद के असर पर बात कर रहा है। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत को कोई विकल्प मिल जाए, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था पर असर न हो। उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत की तेल जरूरतों का अंदाजा है और इसीलिए निजी क्षेत्र की कंपनियां कच्चा तेल निर्यात करने वाले नए देशों की तलाश कर रही हैं। भारत और अमेरिका के विशेषज्ञ ईरान पर प्रतिबंध के बाद के हालात पर चर्चा कर रहे हैं।
इसी साल जुलाई में अमेरिका ने ईरान से 2015 में किए गए परमाणु समझौते से हाथ वापस खींच लिए थे। अमेरिका का आरोप था कि ईरान ने उसे धोखा देकर परमाणु हथियार बनाना जारी रखा। इसी के चलते ईरान पर प्रतिबंध लगा दिया गया, जो कि 4 नवंबर से लागू होंगे। 4 नवंबर के बाद जो भी देश ईरान से कारोबार करेंगे उन्हें अमेरिका के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, भारत ने अभी तक ईरान से तेल आयात बंद करने पर कोई फैसला नहीं किया है। भारत ईरान से दूसरा सबसे ज्यादा तेल आयात करने वाला देश है।

डेटा लीक / 5 करोड़ फेसबुक यूजर्स का डेटा हैक, अमेरिकी सांसद ने कहा- जल्द से जल्द इस मामले की जांच हो

सोशल मीडिया कंपनी ने शुक्रवार को 5 करोड़ फेसबुक यूजर्स का डेटा हैक होने की बात मानी है। फेसबुक ने कहा कि 'सिक्योरिटी फीचर्स में खामी के चलते करीब 5 करोड़ यूजर्स का डेटा हैक हो गया है।' जिसके बाद अमेरिकी सांसद मार्क वॉर्नर ने इस पूरे मामले की जांच किए जाने की मांग की है। वॉर्नर ने मांग की कि 'सोशल मीडिया यूजर्स की प्राइवेसी और सिक्योरिटी के लिए फेसबुक के खिलाफ कार्रवाई की जाए।'
कैसे हैक हुए यूजर्स के अकाउंट?
फेसबुक ने बताया कि हैकर्स ने 'एक्सेस टोकन' चुराकर यूजर्स के अकाउंट को हैक किया। एक्सेस टोकन एक तरह से डिजिटल-की है, जिनकी मदद से एक डिवाइस में यूजर हमेशा लॉग-इन रहता है। उसे बार-बार यूजरनेम और पासवर्ड नहीं देना पड़ता।
फेसबुक ने बताया कि इस बारे में पता चलने के बाद 9 करोड़ यूजर्स के अकाउंट को रिसेट करेगा, जिस वजह से इन यूजर्स को दोबारा लॉग-इन करना होगा। फिलहाल 5 करोड़ यूजर्स के एक्सेस टोकन को रिसेट कर दिया गया है। वॉर्नर ने कहा कि 'फेसबुक जैसी कंपनियां बिना सुरक्षा उपायों के अमेरिकियों के पर्सनल डेटा को जमा करने में सक्षम हैं।'

एशिया कप / भारत ने बांग्लादेश को तीन विकेट से हराया, सातवीं बार चैम्पियन बना

भारत ने शुक्रवार को सातवीं बार एशिया कप जीता।

उसने लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता है। टीम इंडिया ने फाइनल में बांग्लादेश को तीन विकेट से हराया। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। रविंद्र जडेजा ने 23 और भुवनेश्वर कुमार 21 रन की भी अहम पारी खेली। केदार जाधव हैमस्ट्रिंग की परेशानी के बावजूद दोबारा क्रीज पर लौटे। वे 23 रन और कुलदीप यादव पांच रन बनाकर नाबाद लौटे। मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड बांग्लादेश के लिटन दास और मैन ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड भारत के शिखर धवन को मिला।

इससे पहले भारत ने टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी रही। टीम का पहला विकेट 120 रन पर गिरा, लेकिन बांग्लादेश बड़ा स्कोर खड़ा करने में असफल रहा। टीम 48.3 ओवर में 222 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 50 ओवर में 223 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

लिटन के करियर का पहला शतक: लिटन दास और मेहदी हसन ने पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दी। इससे पहले टूर्नामेंट में बांग्लादेश की ओपनिंग जोड़ी 16 रन से ज्यादा की साझेदारी नहीं कर पाई थी। मेहदी को 32 के निजी स्कोर पर केदार जाधव ने आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। लिटन ने करियर का पहला शतक लगाया। उन्हें कुलदीप यादव ने 121 के निजी स्कोर पर आउट किया।

धोनी-कार्तिक ने की अर्धशतकीय साझेदारी: 83 के स्कोर पर रोहित के आउट होने के बाद पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मैदान पर आए। उन्होंने दिनेश कार्तिक के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। कार्तिक 37 रन बनाकर महमूदुल्लाह की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। धोनी 36 रन मुस्तफिजुर का शिकार बने।

हैमस्ट्रिंग के चलते जाधव ड्रेसिंग रूम में लौटे : 38वां ओवर खत्म होने के बाद भारत को एक और झटका तब लगा, जब हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण केदार जाधव को मैदान पर छोड़ना पड़ा। वनडे में बल्लेबाज को कोई रनर नहीं मिलता है। उनकी जगह भुवनेश्वर कुमार खेलने आए।

धोनी के विकेट के पीछे 800 शिकार पूरे: धोनी ने विकेट के पीछे 800 शिकार पूरे कर लिए। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे भारत के पहले और दुनिया के तीसरे विकेटकीपर हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके धोनी ने टेस्ट में 90 मैचों में 256 कैच और 38 स्टम्पिंग, 327 वनडे में 306 कैच और 113 स्टम्पिंग तथा 93 टी-20 में 54 कैच और 33 स्टम्पिंग की हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विकेट के पीछे 998 और ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट ने 905 शिकार किए हैं।

भारतीय के खिलाफ सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी: बांग्लादेश के ओपनर्स ने दो साल बाद शतकीय साझेदारी की। वहीं, भारत के खिलाफ यह दूसरी और सबसे बड़ी शतकीय साझेदारी है। 2015 में तमीम इकबाल और सौम्य सरकार ने 102 रन जोड़े थे।

मेहदी ने की बल्लेबाजी और गेंदबाजी की शुरुआत: मेहदी हसन एशिया कप के किसी एक ही मैच में बल्ले और गेंद से शुरुआत करने वाले पांचवें खिलाड़ी बने। उनसे पहले श्रीलंका के रवि रत्नायके, भारत के मनोज प्रभाकर, यूएई असीम सईद और पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज यह रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं।

उत्तरप्रदेश/राजनाथ ने दिए सर्जिकल स्ट्राइक के संकेत; बोले- कुछ हुआ है, अभी बताऊंगा नहीं

दो-तीन दिन पहले ही कुछ ठीक-ठाक हुआ है, लेकिन इसके बारे में आपको अभी नहीं बताऊंगा। उधर, बीएसएफ प्रमुख ने कहा कि जवान की शहादत का बदला लेने के लिए कारगर कार्वाई की गई।

पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा

मुजफ्फरनगर के शुक्रतीर्थ में शुक्रवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था के कार्यक्रम में गृह मंत्री ने कहा, "पड़ोसी पाकिस्तान अपनी नापाक गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा। अक्सर सामने आता है कि वह बीएसएफ के जवानों के साथ कैसा व्यवहार करता है।"

राजनाथ ने कहा कि शायद आपने कुछ देखा भी होगा। कुछ तो हुआ है। मैं बताऊंगा नहीं। यह हुआ है और ठीक-ठाक हुआ है। आप हमारा भरोसा कर सकते हैं। दो-तीन दिन पहले ही बिल्कुल सही हुआ है और आगे भी देखिएगा, क्या होगा।

पाक ने घायल जवान को अगवा कर 9 घंटे तड़पाया था

बीते दिनों सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में शहीद बीएसएफ जवान नरेंद्र सिंह (51) के साथ पाकिस्तानी सैनिकों ने बर्बरता की थी। उन्हें 9 घंटे तड़पाया था। उनका शव बेहद खराब हालत में मिला था। गला रेता गया था। एक टांग कटी हुई थी। आंख भी निकाली गई।

बीएसएफ जवान की पीठ पर करंट लगाने से झुलसने के निशान थे। शहीद के शरीर पर तीन गोलियां मारी गई थीं। एक गोली शुरुआती हमले में लगी थी। बाकी दो यातनाएं देने के बाद मारी गईं।

नरेंद्र अपनी टीम के साथ बॉर्डर पर लगी फेंसिंग के आगे बड़ी-बड़ी घास को काटने गए थे। तभी पाकिस्तान की तरफ से फायरिंग की गई। भारतीय जवान वहां से निकल आए, लेकिन नरेंद्र लापता हो गए थे।

इससे पहले 29 सितंबर 2016 को भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में सर्जिकल स्ट्राइक की थी। तब सेना के जवानों ने 40 से ज्यादा आतंकी मार गिराए थे।

लखनऊ में पुलिस की गोली से APPLE के विवेक की मौत

लखनऊ (जेएनएन)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस की चेकिंग के दौरान कार न रोकने पर सिपाही ने कार पर गोली चलाई । इसके बाद कार अंडरपास के पिलर से टकरा गई और कार में सवार Apple कंपनी के मैनेजर विवेक तिवारी की मौत हो गई।विवेक मूल रूप से सुल्तानपुर कुड़वार क्षेत्र के सरैंया माफी गांव के रहने वाले थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विवेक तिवारी की ठुड्डी में गोली लगने की पुष्टि हो गई है। गोली गर्दन व सिर के बीच में फंसी। जिसके कारण अधिक रक्तस्राव से मौत हो गई।

दरअसल लखनऊ का पॉश इलाका माने जाने वाले गोमतीनगर में शुक्रवार देर रात की इस घटना से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। घटना देर रात करीब डेढ़ बजे की है। कार में विवेक तिवारी के साथ सना नामक युवती भी थी। सना भी विवेक के साथ मशहूर I-Phone बनाने वाली कंपनी एपल में कार्यरत है। दोनों सिपाही इस समय गोमतीनगर थाने में हैं, इनका मेडिकल कराया जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि चेकिंग दौरान काले रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार को रोकने का इशारा किया गया। कार सवार ने गाड़ी की स्पीड तेज कर दी, जिससे पुलिस की बाइक पर सवार दो सिपाही को चोट लग गई। इनमें से एक ने कार पर गोली चला दी।

मृतक विवेक तिवारी सुल्तानपुर के शंकरपुरम करौंदिया निवासी है। युवक पिता उदय नारायण है, जो बैंक में मैनेजर रहे हैं। युवक दो भाई हैं। दूसरा भाई नीरज छोटा है। विवेक तिवारी एपल कंपनी में एरिया मैनेजर के पद कार्यरत थे। घर में उनकी पत्नी कल्पना बेटी शिवी और सानू हैं। विवेक एपल मोबाइल कम्पनी में चार साल से एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार को कम्पनी ने मोबाइल का नया मॉडल लॉन्च किया था। मोबाइल की लांचिंग कराने के बाद टीम मेम्बर सना को विभूति खण्ड स्थित आफिस से कार से उसके घर छोड़ने जा रहे थे।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस मामले की जांच चल रही है। इस प्रकरण में अगर किसी भी निर्दोष की हत्या हुई है तो वह जांच में सामने आ जाएगा। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

जाहेर आवेदन

मैं श्री खेमचंद असराणी, आम जनता से आवेदन कारता हु की, मेरा सिंधी साथी ट्रस्ट से कोई सम्बन्ध नहीं हैं, और मेरे नाम से सिंधी साथी ट्रस्ट के साथ कोई लेन देन न करे. आपका शुभचिंतक खेमचंद असराणी |

संयुक्त राष्ट्र / पेशावर हमले में मदद के आरोपों पर भारत का जवाब- पाक ने खुद शैतान पैदा किया

संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी ने भारत पर 2014 के पेशावर स्कूल हमले में शामिल होने का आरोप लगाया। रविवार को यूएन में भारत की सचिव एनम गंभीर ने इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने बेबुनियाद आरोप लगाया है कि भारत उनके देश में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। पेशावर हमले में भारत पर मदद के आरोप लगाकर पाकिस्तान ये पुरजोर कोशिश कर रहा है कि जिस शैतान को उसने अपने पड़ोसियों को अस्थिर करने और उनकी जमीन हथियाने के लिए पैदा किया, वह उसे खुद नुकसान पहुंचा रहा है।

उन्होंने कहा, 2014 में जब पेशावर के स्कूल में बच्चों पर आतंकी हमला हुआ तो पूरे भारत में मौन रखा गया था। पाकिस्तान कहता है कि वो आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, लेकिन हाफिज सईद समेत कई प्रतिबंधित आतंकियों का खुलेआम घूमना उनके दावों की पोल खोलता है।

सरदारनगर में धामधूम से चालिहा पूर्णाहुति मनाई गयी और मटकी सरगस निकला गया

सरदारनगर में सुबह चालिहा साहब की आरती पूर्ण की गई और बाद में विविध लोगो द्वारा मटकी परवान के कार्यक्रम में भाग लिया गया.

साईं परसधाम शांतिनगर, में चालिहा साहिब मनाया गया

भारत की चेतावनी, नहीं सुधरा पाक तो जारी रहेगी सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई

चेन्नई (एएनआइ)। रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने सर्जिकल स्ट्राइक की दूसरी वर्षगांठ पर पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया। सीमा पर सीजफायर का उल्लंघन करने और आतंकियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान को भारत का करारा जवाब था। पराक्रम पर्व को लेकर चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रक्षामंत्री ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि उड़ी हमले के आतंकियों को पाकिस्तान का समर्थन हासिल था।

पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए रक्षा मंत्री कहा कि आतंकियों को पाकिस्तान में प्रशिक्षण दिया जाता है। सीमा पार से हो रही आतंकी घटनाओं को पाकिस्तान का समर्थन हासिल है।

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे भरोसा है कि इस तरह की कार्रवाई (सर्जिकल स्ट्राइक) पाकिस्तान को आतंकियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें इस पार भेजने से रोकेगी। वैसे सीमा पर हमारी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी चाहे वे सबक सीख चुके हों या नहीं।'

राफेल डील पर भी बोली रक्षामंत्री

इस बीच राफेल डील को लेकर छिड़े विवाद पर रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'यह दोनों कंपनियों के बीच एक कमर्शल एग्रीमेंट था। तकरीबन 70-80 कंपनियों में से दौसों ने खुद कंपनी को चुना है। उन्होंने कहा, 'एस-400 वायु रक्षा प्रणाली पर बातचीत लंबे समय से चल रही है और अब यह एक ऐसे चरण में है जहां इसको अंतिम रूप दिया जा सकता है। रूस से रक्षा उपकरण खरीदना हमारी विरासत रही है।' कांग्रेस के आरोपों पर उन्होंने कहा, 'मैं संसद में इसे स्पष्ट कर दूंगी कि मैंने इस प्रश्न का जवाब चार बार दे चुकी हूं। मैंने लिखित प्रतिक्रिया भी दी है लेकिन तथ्य यह है कि क्या आप उन उत्तरों को स्वीकार कर रहे हैं?'

हितेश दादवाणी MDRT ADVISOR
की तरफ से
गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाए

SBI Life
INSURANCE
With Us, You're Sure

- General Insurance
- Life Insurance
- Child Education
- Retirement Planning
- Mutual Fund
- Home Loan
- Business Loan

A-408 4th FLOOR
DEVARSHI SHINE,
NEAR KAILASH ROYAL,
NANA CHILODA,
AHMEDABAD-382330

मो. 9979026137

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया